THE TIMES OF INDIA, KANPUR
SATURDAY, OCTOBER 14, 2023

# SPSEC top co-ed school in city

TOI





Principal of the school Bhawana Gupta received the citation

**Kanpur:** Sir Padampat Singhania Education Centre (SPSEC) Kanpur received the prestigious Education World–India Ranking Award 2023-24 on Friday. This coveted award glorifies the school's position as the top co-ed day school in Kanpur and the second best in UP. Principal of the school Bhawana Gupta received the citation at a ceremony held amidst thunderous applause. The award acknowledges contributions made by the SPSEC team in the field of education. Chairperson Manorama Govind Hari Singhania, vice-chairman Abhishek Singhania, Varsha Singhania vice-chairperson congratulated entire SPSEC community.

राष्ट्रीय सहारा

# सर पदमपत सिंहानिया सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल



प्रशस्ति पत्र प्राप्त करतीं एसपीएस स्कूल की प्रधानाचार्य। फोटो : एसएनबी

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर, कमला नगर को एजूकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड्स-2023-24 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल का प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया है। इस पुरस्कार के साथ ही सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर को कानपुर महानगर में प्रथम और सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान पर होने का गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय की प्रतिनिधि भावना गुप्ता ने संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में शुक्रवार 13 अक्टूबर को आयोजित एजूकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड्स समारोह में प्रशस्तिपत्र प्राप्त किया। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, डायरेक्टर पाथो पी कर आदि ने इस उपलब्धि के लिये विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिये शुभकामनाएं दीं।

inext

14/10/2023

# सर पदमपत सिंहानिया स्कूल को अवॉर्ड

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (13 Oct):** सद पदमपत सिंहानिया एजूकेशन ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में सफलता का एक नया आयाम स्थापित किया. विद्यालय ने एजूकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड्स 2023-24 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ को-एड डे स्कूल का अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर शिक्षा क्षेत्र में अपने अनुकरणीय योगदानों का परचम लहराया. इस पुरस्कार के साथ ही सद पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने सिटी में प्रथम व संपूर्ण उत्तर प्रदेश में सेकेंड स्थान हासिल किया है.

विद्यालय की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में फ्राइडे को आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड अवार्ड्स 2023-24 में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया. समारोह में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की काफी प्रशंसा हुई. निश्चित रूप से यह उपलब्धि विद्यालय के लिए एक मील का पत्थर है. यह विद्यालय की अतुलनीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ही परिणाम है कि यहां के शिक्षण मानकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल मान्यता प्राप्त हुई है बल्कि इन्हें अंगीकार भी किया जा रहा है. विद्यालय को सिटी के कुछ विद्यालयों में से नवीनतम शिक्षाशास्त्र को अपने पाठ्यक्रम में सम्मलित करने की दिशा में अग्रसर है. पुरस्कार सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर टीम के योगदान को मान्यता देता है.




प्रिंसिपल भावना गुप्ता अवार्ड लेती हुई (बीच में).

संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में फ्राइडे को आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड अवार्ड्स 2023-24 में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया. समारोह में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की अतुलनीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ही परिणाम है कि यहां के शिक्षण मानकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल मान्यता प्राप्त हुई है बल्कि इन्हें अंगीकार भी सम्मलित करने की दिशा में अग्रस है. पुरस्कार सर पदमपत सिंहानिय एजुकेशन सेंटर टीम के योगदान व मान्यता देता है.

आज

14/10/2023

# सर पदमपत सिंहानिया एजू. सेंटर को 'सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल' का अवार्ड मिला




अवार्ड लेतीं प्रधानाचार्या भावना गुप्ता।

(आज समाचार सेवा)

कानपुर,13अक्टूबर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया है। जिसके चलते सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल का पुरस्कार जीत कर शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। एजूकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैकिंग अवार्ड में सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर ने शिक्षक कल्याण एवं विकास,संकाय क्षमता,शैक्षणिक व खेल शिक्षा पाठ्यक्रम एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बदौलत कानपुर महानगर में प्रथम तथा संपूर्ण उत्तर प्रदेश में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया हे। साथ ही विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल का खिताब मिला है। उक्त क्रम में समारोह के दौरान विद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानाचार्य भावना गुप्ता को उकत अवार्ड के तहत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। साथ ही विद्यालय की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी हे। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद्र हरि सिंहानिया,वाईस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाईस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, डायरेक्टर व वाईस चेयरमैन पार्थो पी कर ने उल्लेखनीय सफलता के लिये शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# पद्मपत को बेस्ट को-एड डे स्कूल का अवार्ड

कानपुर : एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2023-24 में शहर के सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमला नगर को बेस्ट को-एड डे स्कूल का अवार्ड मिला है। स्कूल को कानपुर जिले में प्रथम और यूपी में द्वितीय स्थान हासिल हुआ है। शुक्रवार को प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र व अवार्ड प्राप्त किया। चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, डायरेक्टर व वाइस चेयरमैन पार्थो पी. कर ने हर्ष व्यक्त किया। (वि.वि.)




सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर को मिला एजूकेशन वर्ल्ड रैंकिंग अवार्डस ● प्रबंधन

कानपुर | शनिवार • 14.10.2023

अमर उजाला

# सर पदमपत सिंहानिया को सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल का पुरस्कार




कानपुर। शिक्षक कल्याण और विकास, शैक्षणिक प्रतिष्ठा, खेल शिक्षा, पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र सहित अन्य बिंदुओं पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सर पदमपत सिंहानियां एजुकेशन सेंटर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड के तहत सर्वश्रेष्ठ को-एड डे स्कूल का पुरस्कार मिला। सिंहानिया स्कूल को कानपुर में पहला और यूपी में दूसरा स्थान मिला। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानियां, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानियां, डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन पार्थो पी कर ने शुभकामनाएं दी हैं।